# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 08.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 08.09.2025

### व्यावसायिक भवनों को वीडीए एलॉट करेगा ईसीबीसी

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से व्यावसायिक भवनों को ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) एलाट किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए, वीडीए मानचित्र पास करने के दौरान व्यावसायिक भवनों को ईसीबीसी कालम चेक करेगा। इससे भवन निर्माण क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार यह कोड एनर्जी कंजरवेशन बिल्डिंग कोड (ईसीबीसी) है। जिसे भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी की ओर से लॉन्च किया गया था। जिसे यूपी सरकार ने अधिसूचित किया। यह कोड कामर्शियल भवनों पर लागू होगा। यह कोड उन सभी भवनों पर लागू होगा जिनकी बिजली क्षमता 100 किलोवाट या 120 केवीए से अधिक है। नेडा और वीडीए को जिम्मेदारी दी गई है।

वीडीए व्यावसायिक भवनों में यह सुनिश्चित करेगा कि सभी व्यावसायिक भवनों का निर्माण ऊर्जा-कुशल तरीकों से किया जाए। इनमें ईसीबीसी के नियमों का पालन किया जाए। इमारतों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करके सतत विकास को बढ़ावा देना। भवन निर्माण में ऊर्जा बचत को बढ़ावा देना। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 08.09.2025

### ट्विन टावर के लिए आईं तीन एजेंसियां, परीक्षण जारी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : कमिश्नरी में भगवान शिव के डमरू के आकार पर 256.84 करोड़ रुपये से प्रस्तावित 11 मंजिल के ट्विन टावर बनाने के लिए तीन कंपनियां सामने आई हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण तीनों कंपनियों के टेक्निकल बीट का परीक्षण कर रहा है। इसमें वरीयता सूची में आने वाली कंपनी को काम मिलेगा। शासन ने पहली किश्त 50 करोड़ रुपये स्वीकृत करते हुए 20 करोड़ रुपये जारी भी कर दिए हैं। टावर में दो-दो मंजिल बेसमेंट होंगी जिससे आने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों, फरियादियों के चार और दो पहिया वाहन खड़े हो सकें। मंडलीय कार्यालय के 61 विभाग शिफ्ट किए जाएंगे। इससे फरियादियों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। एक साथ मंडलीय कार्यालय होने से अधिकारियों को समन्वय स्थापित करने और फरियादियों को समस्याएं दूर करने में आसानी होगी।



कमिश्नरी में बनने वाले मंडलीय कार्यालय का माडल • वीडीए



प्रस्तावित मंडलीय कार्यालय का भीतरी भाग • वीडीए

**61** विभागों के मंडलीय कार्यालय दोनों भवनों में शिफ्ट किए जाएंगे

**02** मंजिलें बेसमेंट में होंगी, कार व दो पहिया वाहनों की होगी पार्किंग

**कांफ्रेंस व मीटिंग हाल भी होंगे**

ट्विन टावर मे सभी मंजिलों पर मंडलीय कार्यालय के विभाग होने के साथ कांफ्रेंस व मीटिंग हाल होंगे। अत्याधुनिक स्टोर रूम, बैंक, जिम, कैफेटेरिया और पार्किंग की व्यवस्था होगी।



मंडलीय कार्यालय के लिए निकाले गए टेंडर में सामने आई तीन एजेंसियों के टेक्निकल बीट का परीक्षण किया जा रहा है। फाइनल होने के साथ काम शुरू किया जाएगा। अन्य प्रक्रिया पूरी की जा रही है जिससे काम विलंबित नहीं हो।

– पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।

**कंपनियां :** • बद्री राय एंड कंपनी, 11वीं मंजिल, जी ब्लाक, मून आउट अपार्टमेंट, जेपी ग्रीन्स, कासना रोड, ग्रेटर नोएडा • कामटी कंस्ट्रक्शन्स, खदान संख्या 3136, ईआर साईं मंदिर, मोहन नगर, गाजियाबाद • यूआरसी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, नंबर 119, पावर हाउस रोड, इरोड, तमिलनाडु।

कमिश्नरी में मंडलीय कार्यालय को लेकर करीब साढ़े छह वर्ष से प्रयास चल रहा है। कभी 15 मंजिल तो कभी 17 मंजिल। इसके बाद दो मंजिल पार्किंग लेकर 19 मंजिल तक मंडलीय कार्यालय प्रस्तावित हुआ। बजट अधिक होने पर परिसर में दो बहुमंजिला भवन बनाने का निर्णय लिया गया जिससे आने वाली लागत को निकालने के लिए एक भवन को प्राइवेट कंपनी को देने का निर्णय लिया गया। दूसरे में सरकारी भवन होंगे। बनारस दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले प्रस्ताव को खारिज करते हुए शासन से बजट देने को कहा। उसके साथ कैबिनेट बैठक में 256.84 करोड़ रुपये पर मुहर लगाते हुए 50 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिया। साथ ही 20 करोड़ रुपये ज़ारी भी कर दिया जिससे काम में कोई बाधा नहीं पहुंचे। वीडीए की ओर से निकाले गए टेंडर में पहली बार एक एजेंसी सामने आई। ऐसे में वीडीए को दोबारा टेंडर निकालना पड़ा। इसमें चार कंपनियां आईं लेकिन एक कंपनी अपना प्रपत्र पेश नहीं कर सकी, ऐसे में तीन कंपनियों के टेक्निकल बीट का परीक्षण किया जा रहा है।

तरूणमित्र न्यूज–दि0 08.09.2025

# वाराणसी के चौक-चौराहों पर उभर रही है कला की चमक, विरासत से जुड़ रही है पहचान




तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए), बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बीएलडब्ल्यू), रेल मंत्रालय एवं संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से शहर में सौंदर्यीकरण की दिशा में एक अभिनव पहल की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 62 अद्वितीय स्कल्पचर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नदेसर क्षेत्र में भारत के विभिन्न प्रांतों की पारंपरिक नृत्य शैलियों को दर्शाती 9 प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं जो आमजन एवं आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। यह कला-स्थापनियाँ न केवल शहर के सौंदर्य में वृद्धि कर रही हैं बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता एवं विरासत को भी जीवंत स्वरूप में प्रस्तुत कर रही हैं।।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com